





# प्रशासन की सख्ती और राजनीतिक दलों की सक्रियता से फॉर्म जमा करने में आई तेजी

## एसआईआर को लेकर भाजपा-कांग्रेस जुटी है फॉर्म जमा कराने में

**शाजापुर, 20 नवंबर. दो दिन पहले तक एसआईआर फॉर्म को लेकर सुस्ती नजर आ रही थी, लेकिन कलेक्टर ऋजु बाफना के तीखे तेवर और सख्ती के कारण दो दिन से एसआईआर के फॉर्म जमा कराने में अचानक तेजी देखने को मिली है. तो वहीं दूसरी ओर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता भी अपने-अपने वार्ड में मतदान जैसी सक्रियता दिखा रहे हैं. जहां कांग्रेस कार्यकर्ता मुस्लिम वार्डों में सक्रिय दिखे, तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता पूरे शहर से फॉर्म एकत्रित कर जमा कराने में लगे रहे. दो दिन में शाजापुर शहर से लगभग 10 हजार से अधिक ऑफलाइन फॉर्म बीएलओ के पास जमा हो गए हैं.**

गौरतलब है कि दो दिन पहले तक एसआईआर को लेकर शहर में सुस्ती का आलम था. जहां शुजालपुर, कालापीपल में एसआईआर फॉर्म को लेकर सक्रियता नजर आ रही थी. वहीं शाजापुर में यह स्लो थी. लेकिन कलेक्टर ऋजु बाफना व प्रशासनिक सख्ती के कारण बीएलओ सक्रिय हुए, तो दूसरी ओर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने दो दिन लगातार बैठक बुलाकर पूरी विधानसभा में एसआईआर फॉर्म को लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए. विधायक खुद ग्रामीण क्षेत्रों में एसआईआर के फॉर्म भरवाने के लिए पहुंचे थे. तो शहर में भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर और महामंत्री गोविंद नायक शहर के 29 वार्डों में अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर फॉर्म जमा कराए. यही कारण है कि शाजापुर शहर में बीते दो दिनों में 10 हजार से अधिक ऑफलाइन फॉर्म जमा हो गए.

### चुनाव जैसे भिड़े हैं विधायक और उनके पदाधिकारी

जैसे चुनाव में वोट डलवाने के लिए सक्रियता नजर आती है, उसी तरह एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए विधायक अरुण भीमावद, ग्रामीण क्षेत्र में उनके मंडल अध्यक्ष, शाजापुर शहर में भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, गोविंद नायक और वार्डों के पार्षद व पदाधिकारी चुनाव की तर्ज पर ही बूथ-बूथ जाकर फॉर्म जमा करा रहे हैं. इसी कारण शाजापुर शहर में दो दिनों में सबसे ज्यादा फॉर्म ऑफलाइन जमा हुए हैं.

### दिन में ऑफलाइन फॉर्म ले रहे, रात में ऑनलाइन डाटा अपलोड कर रहे बीएलओ

एसआईआर के काम में लगे बीएलओ की मेहनत की दाद देना होगी . क्योंकि दिनभर वो ऑफलाइन फॉर्म जमा कर रहे हैं और देर रात तक ऑनलाइन डाटा अपलोड कर रहे हैं . क्योंकि दिन में निर्वाचन आयोग की साइट पर लोड ज्यादा है, इसलिए फॉर्म अपलोड नहीं हो पा रहे हैं . लेकिन पिछले दो दिनों में शाजापुर में ऑफलाइन और ऑनलाइन फार्म में बढ़ोत्तरी दिखी है .

### बूथ केंद्रों पर डमी फॉर्म चिकापना चाहिए

जिन लोगों को एसआईआर के फॉर्म भरने में परेशानी आ रही है, उनकी सुविधा के लिए हर बूथ पर एक डमी फॉर्म चिपकाना चाहिए, ताकि लोगों को डमी फॉर्म से जानकारी मिल जाए कि फॉर्म भरना कैसे है . हालांकि सोशल मीडिया पर राजनीतिक दल भी डमी फॉर्म अपलोड कर रहे हैं, लेकिन जो लोग सोशल मीडिया पर नहीं है, उनके लिए बूथ पर डमी फॉर्म चिपकाने से लोगों को फॉर्म भरने में सुविधा होगी .

### सर्वर स्लो होने के कारण अपलोड नहीं हो रहे फॉर्म

शहर के 29 वार्डों में ऑफलाइन फॉर्म जमा हो गए हैं, लेकिन सर्वर स्लो होने के कारण फॉर्म अपलोड होने में परेशानी आ रही है . यही कारण है कि निर्वाचन आयोग के डाटा में शाजापुर का प्रतिशत कम दिख रहा है, लेकिन ऑफलाइन फॉर्म में अचानक तेजी बढ़ी है . पूरी मॉनिटरिंग कलेक्टर ऋजु बाफना, शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले और सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित हर वार्ड में पहुंचकर फॉर्म जमा करने की दिक्कतों का निराकरण कर रहे हैं .

## एक नजर में

### छात्राओं को महिला संबंधित अपराधों को लेकर किया जागरूक



**मोहन बड़ोदिया, 20 नवंबर .** श्री सत्य सांई एकेडमी हाईस्कूल मोहन बड़ोदिया में गुरुवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के विषय में मोहन बड़ोदिया थाने से एसआई लखन सिंह राजपूत, हेड कास्टेबल सुरेश सौराष्ट्रीय, आरक्षक सोनू यादव, महिला आरक्षक राधिका राजपूत थाना मोहन बड़ोदिया द्वारा कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं को गुड टच, बेड टच ओर महिला सम्बंधित अपराधों के बारे में जागरूक किया गया . साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई .

### विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया




**सोयतकलां, 20 नवंबर .** मध्यप्रदेश शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9 में प्रवेशित छात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की जा रही है . इसी क्रम में गुरुवार को एकीकृत शासकीय हाई स्कूल लालाखेडी में विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया गया . साइकिल वितरण कार्यक्रम में सरपंच गंगाराम वर्मा, उपसरपंच कमलसिंह सिसोदिया, पंचायत सचिव नारायण सिंह, नटवरसिंह, शिक्षक अरविन्द जाटव सहित समस्त स्टाफव पालक की उपस्थिति में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कि और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया .

### विधायक और सांसद करेंगे नवनिर्मित बस स्टैंड और दुकानों का लोकार्पण



**मोहन बड़ोदिया, 20 नवंबर .** मोहन बड़ोदिया में दिनांक 21 नवंबर शुक्रवार को मोहन बड़ोदिया बस स्टैंड और दुकानों का शुभारंभ शाजापुर विधायक अरुण भीमावद और सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा किया जाना है, जिसको लेकर ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया द्वारा तैयारियां जोर शोर से की जा रही है . ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 नवंबर को मोहन बड़ोदिया ग्राम पंचायत के सामने नवीन बस स्टैंड और जो दुकानें बनकर तैयार हो गई है . उसका लोकार्पण शाजापुर विधायक अरुण भीमावद द्वारा किया जाना है . लोकार्पण के पूर्व मोहन बड़ोदिया के सरस्वती शिशु मंदिर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाकर भाजपा द्वारा पैदल यात्रा निकाली जाएगी जो मोहन बड़ोदिया ग्राम पंचायत पहुंचेगी, जहां रोड़ शो के उपरांत नव निर्मित दुकानों और बस स्टैंड का लोकार्पण किया जाएगा .

### 75 पार पेंशनरों का सम्मान किया



**शुजालपुर, 20 नवंबर .** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का मिलन समारोह सार्वजनिक धर्मशाला अकोदिया मंडी में आयोजित किया गया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा तथा अध्यक्षता बंशीधर पांडे और सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रहलाद सिंह परमार, विशेष अतिथि रामचन्द्र चौहान रहे . इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत, संगठन मंत्री डॉ . सुशील कुमार गेहलोत, मोहनसिंह चावड़ा, बंशीधर पांडे, डॉ . विक्रम सिंह जायसवाल, राधेश्याम पटेल, बंशीधर शर्मा सहित समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे . पचहत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों, माह नवम्बर में सेवानिवृत्त एवं नवीन सदस्यों का शाल, श्रीफल एवं अभिनन्दन दुपट्टा से सम्मान किया गया .

### 85 मरीजों की आंखों की जांच की

**शुजालपुर, 20 नवंबर.** गौरव दिवस एवं संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संत समागम व निशुल्क नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य शिविर सरपंच शैलेंद्र परमार के सहयोग से मांगलिक परिसर हडलायकला में संपन्न हुआ. डॉ. जसवंत यादव, डॉ. वरुण अग्रवाल, नेहा सोनी ने 85 मरीजों की आंखों की जांच कर 12 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित किए. इस दौरान बाहर से आए सभी संतों का स्वागत सम्मान कथा वाचक श्याम मनावत द्वारा साफा, दुपट्टा पहनाकर किया गया. उक्त जानकारी सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने दी, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, सुरेश परमार, डॉ. राम मनावत एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा.

# एसआईआर के लिए फूं-फां क्यों नहीं कर रहे दोनों दलों के फूफा...?

पोलिटिकल इनसाइड

अब सिर्फ समाज तक सीमित नहीं है फूफा. फूफाओं का विस्तार अब राजनीतिक दलों में भी तेजी से होने लगा है. भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों ही दलों में राजनीतिक फूफाओं की तादात दिन दोगुनी, रात चौगुनी बढ़ रही है. पहले राजनीतिक फूफा टिकट वितरण और चुनाव के समय नजर आते थे, लेकिन अब फूफाओं का कोई सीजन कोई मौसम नहीं है. कोई भी कभी भी फूफा बन सकता है. चूंकि कांग्रेस विपक्ष में है, इसलिए कांग्रेस के फूफा नजर नहीं आते थे. भाजपा सत्ता में है इसलिए उनके फूफा नजर आते हैं. इन दिनों सबसे बड़ा लोकतंत्र का महायज्ञ एसआईआर के रूप में चल रहा है, लेकिन दोनों ही दलों के फूफा एसआईआर के महायज्ञ में आहूति डालने से बच रहे हैं. कबीलों में बटे राजनीतिक के ये दल एसआईआर प्रक्रिया को लेकर साइलेंट मोड पर हैं और वाइब्रेट होकर धीरे-धीरे फुस्कार रहे हैं. जहां भाजपा का असंतुष्ट खेमा एसआईआर प्रक्रिया से दूरियां बनाकर चल रहा है, तो यही हाल कांग्रेस के असंतुष्ट खेमे का भी है. हालांकि एसआईआर के बाद जो वोटर लिस्ट बनेगी, वो फूफाओं के भी काम आएगी और कबीलों के सरदारों के भी काम आएगी. असंतुष्ट भी इसी वोटर लिस्ट से राजनीतिक की चौसर पर चुनाव की बिसात बिछाएंगे और संतुष्ट भी इस लिस्ट के सहारे चुनाव की बिसात में शह और मात का खेल खेलेंगे. लेकिन फूफाओं की बेरुखी दोनों दलों के लिए चिंता का विषय है. खासकर एसआईआर के मामले में. कांग्रेस में एक ही गुट एसआईआर के काम में लगा है, तो भाजपा में भी एसआईआर का गुट एक ही गुट कर रहा है. दोनों दल के जो नेता एसआईआर पर काम नहीं कर रहे हैं, वे ज्ञानचंद, रायचंद, मशवराचंद जरूर बने हुए हैं.

### एसआईआर मतलब सब इधर रहो

एसआईआर को लेकर राजनीतिक दल भी चाह रहे हैं कि सब इधर रहें. तो प्रशासन की मंशा भी यही है कि जो असली हैं, वो सब इधर रहें. जहां कांग्रेस चाह रही है कि उनकी विचारधारा के लोग सब उनके पास रहें, तो भाजपा चाह रही है कि उनकी विचारधारा वाले उनके साथ रहें. कुल मिलाकर एसआईआर का अर्थ सबके लिए एक ही है कि सब इधर रहो. अब देखना है कि एसआईआर के बाद राजनीतिक दलों के पास कौन इधर रहता है और कौन उधर.

### उनके उधर भाई और इनके इधर भाई साहब...

एसआईआर फॉर्म भरने में भी अस्सी-बीस की झलक दिख रही है. बीस के फॉर्म भरने के लिए भाई सक्रिय नजर आ रहे हैं, तो अस्सी के लिए भाई साहब. या यूं कहें कि उनके उधर भाई सक्रिय हैं, तो इनके इधर भाई साहब सक्रिय हैं. बीस वाले वार्डों में उतना ही उत्साह है, जितना उत्साह मतदान में होता है. अब देखना यह है कि भाई और भाई साहब ने जिनके फॉर्म भरे हैं, उनमें से कितने लोग एसआईआर के बाद मतदाता सूची में बचते हैं.

### अंत में...

एसआईआर से बेरोजगार नेताओं को काम मिल गया है, तो कुछ नेताओं को अपनी राजनीतिक सीआर सुधारने का भी मौका मिल गया है.

# सरदार पटेल के सपनों को साकार करने भाजपा चलाएगी अभियान : वानखेड़े

## प्रेसवार्ता में उज्जैन संभाग प्रभारी ने दी अभियान की जानकारी

**शाजापुर, 20 नवंबर. सरदार वल्लभ भाई पटेल ने खंड-खंड भारत को एकता के सूत्र में पिरोकर एक अखंड भारत की कल्पना को साकार करने का सपना संजोया था. इसी को हम पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं. इसके लिए भाजपा द्वारा उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**

यह बात सागर की सांसद एवं मप्र भाजपा की महामंत्री, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. लता वानखेड़े ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने 562 रियासतों को बांटने का काम किया था, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने बहुत कम समय में इन रियासतों को एकजुट कर दिया था, जिससे भारत का मानचित्र बना. उनके सपनों को साकार करने पार्टी द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत आज पैदल मार्च से होगी और सरदार जी को हमारी ओर से यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम उनके बताए रास्तों पर चलकर अखंड भारत के सपने को पूरा करें. प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि सांसद महेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में 21 नवंबर को शाजापुर विधानसभा के मोहन बड़ोदिया में दोपहर 2 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर से मार्च निकाला जाएगा. इसके बाद कालापीपल में 22 नवंबर को विराट एकता यात्रा निकाली जाएगी. उन्होंने बताया कि इस अभियान का समापन 27 को सांसद सोलंकी के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला जाएगा. इसके बाद अभियान का समापन गुजरात में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी में होगा. श्रीमती वानखेड़े ने सभी पत्रकारों से एसआईआर अभियान, आत्मनिर्भर भारत तथा वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुरू किए जा रहे अभियानों की विस्तृत जानकारी साझा की. जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने भी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में पत्रकारों को विस्तार से बताया. इसके साथ ही भाजपा जिला कार्यालय पर सभी चारों प्रमुख विषयों को लेकर जिला स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी तथा सभी अभियान प्रभारियों ने भाग लिया. प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसौदिया, जिला महामंत्री विजयसिंह बैस, जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, जिला मंत्री उमेश टेलर, नगर अध्यक्ष आशीष नागर, मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे आदि उपस्थित थे.




# साइड दबाने को लेकर हुआ विवाद, ड्राइवर को पीटा

## नेशनल हाईवे हुआ जाम, सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची मौके पर

**सोयतकलां, 20 नवंबर. बुधवार की रात्रि 11 बजे पाटन की ओर से आ रहे ट्रक को रोककर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की, जिससे ट्रक ड्राइवर गिर कर बेहोश हो गया. देखते ही देखते इंदौर कोटा नेशनल हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई और कई ड्राइवर एकत्रित हो गए. सूचना मिलते ही सोयतकला थाना प्रभारी अपनी टीम को लेकर ग्राम सालिया खेड़ी पहुंचे जहां पर नेशनल हाईवे जाम को हटाया और यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया गया. ट्रक ड्राइवर को उपचार के लिए सोयतकलां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.**



हम आपको बता दें सोयतकला में डायल 112 खराब हो जाने के कारण करीब आधे घंटे के बाद डायल 112 सुसनेर से पहुंची. थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि रात्रि 11 बजे कुछ लोगों द्वारा ट्रक ड्राइवर को रोककर उसके साथ मारपीट की जा रही है और रोड भी जाम कर रखा है, मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया गया. ट्रक को थाने में लाया गया और ट्रक ड्राइवर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उसको आगर रैफर किया गया. साइड दबने को लेकर मारपीट की गई है, पुलिस जांच कर रही है मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है.

### आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत कार्यक्रम का आयोजन 21 नवंबर को

**शाजापुर, 20 नवंबर.** भारत सरकार की मुहिम आपकी पूंजी आपका अधिकार के तहत तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डीफ अकाउंट अन्क्लेम्ड डिपोजिट के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय शाजापुर में 21 नवम्बर 2025 को कार्यक्रम आयोजित होगा. जिसके अंतर्गत शाजापुर जिला स्थित सभी बैंक एवं इन्शुरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड कंपनियां एवं अन्य सरकारी विभाग शामिल हो रहे हैं. अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुशवाह ने आमजनों से अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में प्रस्तुत होकर एक ही छत के नीचे अन्क्लेम्ड डिपोजिट के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपना दावा आवेदक दे सकते हैं.

# परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों एवं अन्य वाहनों की जांच

## 18500 रुपए का शमन वसूला

**नलखेड़ा, 20 नवंबर. परिवहन आयुक्त और कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में जांच दल द्वारा स्कूली बसों एवं अन्य वाहनों की जांच की.**


चैकिंग कार्यवाही के दौरान गुरूकुल विद्यालय, सांदीपनि स्कूल, सरस्वती देव पब्लिक स्कूल और अन्य स्कूलों के लगभग 30 से 35 वाहनों की जांच की गई. जिसमें सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन अनुसार सभी बिंदुओं पर वाहनों की जांच की. 3 वाहनों के दस्तावेजों में अनियमिताएं पाई जाने पर चालानी कार्यवाही की जाकर 18500 का शमन शुल्क वसूल किया गया. देव पब्लिक स्कूल और सरस्वती स्कूल के एक-एक वाहन बिना दस्तावेजों के पाये जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई. चैकिंग के दौरान स्कूल बस संचालकों को निर्देशित किया गया कि अपने वाहनों को सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने पर तथा निर्धारित दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन मार्ग पर संचालित करें. साथ ही क्षेत्र में संचालित होने वाली अन्य वाहनों के चैक कर वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वाहनों से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण रखें. दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जाने पर दण्डात्मक चालानी कार्यवाही की जाएगी.

## एक नजर में

### वक्ताओं ने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण पर रखे अपने विचार

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

**शाजापुर, 20 नवंबर. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में 20 नवंबर गुरूवार को विकसित भारत विजन 2047 महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया.**




प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी मूंदड़ा एवं स्टाफ सदस्यो ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर वेबीनार का शुभारंभ किया. बीज वक्ता के रूप में शामिल हुए डॉ. माधव प्रसाद गुप्ता प्रवक्ता पंत इंटर कॉलेज भौरा सीतापुर ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त कर विकसित भारत की संकल्पना को प्राप्त कर सकते हैं. भारत में महिला शिक्षा की प्राचीन परंपरा रही है. मुख्य वक्ता डॉ. आनंद भालेराव, फील्ड वर्क को-ऑर्डिनेटर सोशल वर्कर, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफसोशल साइसेंस, तुलजापुर ऑफ कैम्पस धाराशिव महाराष्ट्र ने विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका पर अपना व्याख्यान दिया. उन्होंने विकसित भारत के युवा, महिला, किसान एवं वंचित वर्ग पर विस्तार से प्रकाश डाला. विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. बीएस विभूति प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुलाना एवं डॉ.अरुण कुमार बोड़ाने, विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र बीकेएसएन कॉलेज शाजापुर ने विकसित भारत विजन 2047 में महिला शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे. राष्ट्रीय वेबीनार में प्रारंभिक परिचय एवं स्वागत भाषण श्रीमती दीपिका गुप्ता ने दिया. वक्ताओं का परिचय वेबीनार उप संयोजक डॉ.रितेश महाडिक ने दिया. कम्प्यूटर ऑपरेटर नरेन्द्र भाटी ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया. संचालन वेबीनार संयोजक डॉ.संदीप कुमार सिंह ने किया. आभार आयोजन सचिव डॉ. कपिल जाटव ने माना. वेबीनार में सुश्री सोनू कनेश, जेपी माथुर, अनिल नागर, आदित्य सक्सेना,शंकरलाल कुशवाह अन्य महाविद्यालयो के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं ऑनलाईन सम्मिलित हुई.

### रोड सैफ्टी जागरूकता पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाजापुर, 20 नवंबर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रोड सैफ्टी पर जागरूकता कार्यशाला होण्डा मोटर्स के सहयोग से महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार्य प्रो.मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई. कार्यशाला में होण्डा मोटर्स से प्रधारे विशाल मालवीय ने सुदंर प्रेजेटेंशन के माध्यम से रोड सैफ्टी के प्रति जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा ने छात्रों को जागरूक को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़कों पर वाहन चलाते समय सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यातायात नियमों का पालन करना चाहिए.